जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**(सं. 2016–17/13)**

दिनांक : 08.04.2016

# <u>डिब्बों में अस्थाई बढोतरी</u>

## *<u>जयपुर–इन्दौर–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में बढाया 01 शयनयान श्रेणी डिब्बा</u>*

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जयपुर–इन्दौर–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में 01 द्वितीय शयनयान डिब्बें की अस्थाई बढोतरी की गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 12974/12973, जयपुर–इन्दौर–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जयपुर से दिनांक 10.04.16 को एवं इन्दौर से दिनांक 11.04.16 को 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, उज्जैन एवं अन्य स्टेशनों के यात्रियों को द्वितीय शयनयान श्रेणी की 72 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।

***<u>उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिये नियमित रूप से विभिन्न रेलगाडियों में डिब्बों में अस्थाई तौर पर बढोतरी की जाती है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वर्ष 2015–16 में मार्च माह तक 12719 अतिरिक्त डिब्बे विभिन्न रेल सेवाओं में जोडे गये है।</u>***

जन सम्पर्क अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

**<u>नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज www.facebook.com/northwesternrailway पर भी अवलोकन कर सकते है।</u>**